# पारिवारिक हिंसा हस्तक्षेप आदेश की सुनवाई के लिए न्यायालय जाना

यदि आपको तत्काल खतरा है, तो 000 पर कॉल करें

यदि आपको तत्काल खतरा नहीं है लेकिन आप असुरक्षित महसूस कर रही हैं, तो **The Orange Door** से orangedoor.vic.gov.au पर संपर्क करें

## न्यायालय जाने से पहले

न्यायालय जाना एक कानूनी प्रक्रिया होती है, इसलिए वहाँ जाने से पहले कानूनी सलाह लेना अच्छा विचार है।

Victoria Legal Aid (विक्टोरिया लीगल एड) पात्रतायुक्त लोगों को न्यायालय जाने से पहले आपको यह भी करना चाहिए:

- यदि आपको न्यायालय में अपनी सुनवाई के दिन ड्यूटी वकील से सहायता की आवश्यकता है, तो न्यायालय को बताएँ
- यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो न्यायालय को बताएँ
- यदि आप व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकती हैं, तो न्यायालय से फोन या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लेने की व्यवस्था करने का आग्रह करें
- यदि आप सुनवाई में उपस्थित नहीं हो सकती हैं, तो न्यायालय को बताएँ
- यदि आप सुनवाई के दौरान अपनी सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं, तो न्यायालय को बताएँ। यदि आप सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं, तो न्यायालय आपके लिए एक विशेष क्षेत्र में प्रतीक्षा करने की व्यवस्था कर सकता है। न्यायालय आपके साथ न्यायकक्ष में सुरक्षाकर्मी उपस्थित होने की व्यवस्था भी कर सकता है। कुछ न्यायालयों में आप वीडियो लिंक के माध्यम से प्रमाण देने में सक्षम हो सकती हैं, ताकि आपको न्यायकक्ष में न रहना पड़े। इसके लिए पहले से व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

विक्टोरिया के न्यायालयों का पता और संपर्क विवरण विक्टोरिया के मजिस्ट्रेट न्यायालय (Magistrates' Court of Victoria) की वेबसाइट पर सूचीबद्ध है:
mcv.vic.gov.au/going-court/find-court

## सुनवाई के दिन

पूरे दिन-भर कार्यमुक्त रहने की योजना बनाएँ। हो सकता है कि आपके केस की सुनवाई तुरंत न हो, इसलिए आपको अपने केस की सुनवाई से पहले कुछ घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

Magistrates' Court में चाइल्डकैअर उपलब्ध नहीं है, इसलिए यदि आपके बच्चे हैं तो उनकी देखभाल के लिए किसी की व्यवस्था करने की कोशिश करें। यदि आप फोन या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से न्यायालय में शामिल हो रही हैं, तो कृपया सुनिश्चित करें कि न्यायालय में रहने के दौरान और/या ड्यूटी वकील से बात करते समय आपके साथ कमरे में कोई बच्चा न हो।

आप न्यायालय कैसे जाएँगी, इसकी योजना बनाएँ। न्यायालयों के निकट पार्किंग महंगी हो सकती है। जनपरिवहन का उपयोग करना या किसी के द्वारा गाड़ी से आपको न्यायालय छोड़े जाना बेहतर हो सकता है।

न्यायालय में अपने समय से कम से कम 30 मिनट पहले पहुंचने की कोशिश करें।

न्यायालय की सुरक्षा के लिए सभी को सुरक्षा स्क्रीनिंग से होकर गुज़रना पड़ता है। ऐसा न्यायालय में खतरनाक वस्तुएँ लाए जाने से बचाव के लिए है।

सुरक्षा स्क्रीनिंग के बाद तुरंत न्यायालय काउंटर पर जाएँ - जिसे रजिस्ट्री कहा जाता है - और रजिस्ट्री पर उपस्थित कर्मचारियों को बताएँ कि आप आ गई हैं।

रजिस्ट्री कर्मचारी आपको जानकारी प्रदान कर सकते हैं, जिसमें शामिल है:

- सही न्यायकक्ष में जाने का आपका मार्ग
- आपको अन्य न्यायालयी सेवाओं के प्रति निर्देशित करना, जिसमें ड्यूटी वकील भी शामिल है

यदि आप न्यायालय में असुरक्षित महसूस करती हैं, तो सुरक्षाकर्मी या रजिस्ट्री से बात करें।

## अपने साथ न्यायालय में क्या लाएँ

- न्यायालय में अपनी सुनवाई से संबंधित सभी कागज़ात
- अन्य न्यायालयों या आपके या आपके बच्चों से संबंधित कोई भी अन्य न्यायिक आदेश
- आस-पास उपलब्ध जलपान, भोजन और पेय अक्सर महंगे हो सकते हैं
- फोन चार्जर
- पानी की बोतल (कांच की नहीं)
- अपनी सुनवाई की प्रतीक्षा करते समय अपने मन-बहलाव के लिए कोई किताब या कुछ अन्य

न्यायकक्ष में प्रवेश करते समय और बाहर जाते समय सांकेतिक सम्मान के रूप में कृपया मजिस्ट्रेट की ओर झुकें।

न्यायकक्ष के अंदर यह **न करें**:

- खाना, पीना या गम चबाना
- टोपी या धूपी चश्मा पहनना या अपने सिर पर धूपी चश्मा टिका कर रखना।

कृपया अपने मोबाइल फोन को साइलेंट पर या बंद रखना सुनिश्चित करें। यदि आपका फोन साइलेंट पर है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि यह वाइब्रेट नहीं करेगा।

## न्यायालय में मुझे क्या समर्थन मिलेगा?

यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप किस न्यायालय में हैं। न्यायालय में एक ड्यूटी वकील और दुभाषिया उपस्थित हो सकता है (यदि आपने न्यायालय को इस आवश्यकता के बारे में सूचित किया हो)।

न्यायालय में एक समर्थनकर्मी (पारिवारिक हिंसा आवेदक पेशेवर) भी होता है, जो आपको कानूनेतर समर्थन दे सकता है।

आप समर्थन के लिए अपने साथ किसी मित्र या परिवार के सदस्य को लाने की इच्छुक हो सकती हैं।

## क्या मुझे न्यायालय में दुभाषिया मिल सकता है?

हाँ। यदि आपको अपने हस्तक्षेप आदेश के आवेदन में सहायता के लिए दुभाषिए की आवश्यकता है, तो न्यायालय को समय रहते कॉल करें।

आपको न्यायालय रजिस्ट्री कर्मचारियों को यह भी बताना चाहिए कि अपनी न्यायिक सुनवाई के लिए आप दुभाषिए का होना पसंद करेंगी।

**हम फीडबैक का स्वागत करते हैं।** अपने फीडबैक या शिकायत को साझा करने के लिए हमारी वेबसाइट देखें:

womenslegal.org.au


women'slegal servicevictoria

PO Box 13311 Law Courts VIC 8010

**फो** 03 8622 0600 **ई** admin@womenslegal.org.au


Women's Legal Service Victoria (महिला कानूनी सेवा विक्टोरिया) Kulin राष्ट्र के Wurundjeri लोगों की पारंपरिक भूमि पर स्थित है। हम एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के भूमि, जल और समुदाय के साथ निरंतर संबंध को मान्यता देते हैं और उनके अतीत व वर्तमान के बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। संप्रभुता का त्याग कभी भी नहीं किया गया था।

Women's Legal Service (महिला कानूनी सेवा) सुरक्षित और समावेशी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।